मैया मेरी मैया तुम देखो मेरी और

मैया मेरी मैया तुम देखो मेरी और
काले बादल छाये है अँधियारा घनघोर

तेरी और देखूं मैया तुम्हे ही निहारूं
तेरे चरणों को मैया रोज़ मैं पखारूँ
मन मंदिर में मैया तुझ बिन ना कोई और
काले बादल छाये है अँधियारा घनघोर

तेरी ही आस मुझे तेरा ही सहारा
तू ही तो नाव है मेरी तुम ही हो किनारा
भव सागर में नैया तुम थाम लो जीवन डोर
काले बादल छाये है अँधियारा घनघोर

भरोसा है तेरा मैया आसरा है तेरा
हर दम संभाले रखना परिवार मेरा
मेहुल तेरा बेटा कहेगा किसे और
काले बादल छाये है अँधियारा घनघोर
मैया मेरी मैया ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18766/title/maiya-meri-maiya-tum-dekho-meri-or

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |